हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च, 2025

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

11 शहर में जलभराव को लेकर विशेष रणनीति बनाएं



12 हंगामे के बीच 80 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी



## खबर संक्षेप

### अनाज मंडियों में 15 से होगी सरसों की खरीद

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने राजेश खोथ ने फसल खरीद कार्यों से जुड़े विभागों की अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 मार्च से अनाज मंडियों में सरसों तथा 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू होने जा रहा है, ऐसे में फसल खरीद को लेकर तमाम प्रबंध समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करें। किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरसों की खरीद 5950 रुपये प्रति क्विंटल तथा गेहूं की खरीद 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

### बाल-विवाह, घरेलू हिंसा पर कार्यशाला आज

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा घरेलू हिंसा व बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में 12 मार्च को किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी.जयाश्रद्धा द्वारा की जाएगी।

### हत्या के प्रयास के दोषी को पांच साल की कैद

**हिसार।** जमीनी विवाद में बड़े भाई पवन को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने खेदड़ निवासी दोषी कृष्ण को 5 साल की कैद और 11 हजार 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर उसे 1 साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। इस संबंध में बरवाला थाना पुलिस ने खेदड़ के पवन की शिकायत पर 21 नवंबर 2020 को हत्या प्रयास, जान से मारने की धमकी देने एवं आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

### बदमाशों ने राहगीर का मोबाइल फोन छीना

**हिसार।** कैमरी रोड पर शराब ठेके के पास सोमवार को बाइक सवार दो बदमाश एक राहगीर का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने अमरदीप कॉलोनी के पवन कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### श्री श्याम मंदिर का धमाल महोत्सव कल

**बरवाला।** श्री श्याम मंदिर बरवाला का फाल्गुन धमाल महोत्सव 13 मार्च को बड़ी धूमधाम से श्री श्याम मंदिर के प्रांगण में फूलों की होली के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता अनूप गोयल ने बताया कि इस फाल्गुन धमाल महोत्सव में बाहर से आए हुए कलाकारों बाबा की परी और जयप्रकाश जेपी द्वारा बाबा श्याम के भजनों का गुणगान व सुंदर-सुंदर झांकियां व फूलों की

### नकदी लूटने के मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा

**हिसार।** पुलिस ने कटपीस मार्किट में सब्जी की रेहड़ी संचालक से चाकू की नोक पर नकदी लूटने के मामले में दूसरे आरोपी पटेल नगर निवासी सन्नी उर्फ मोगली को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुमेर ने बताया कि 22 फरवरी को कटपीस मार्किट निवासी सब्जी रेहड़ी संचालक ओंकार सिंह ने दो युवकों द्वारा चाकू के बल पर 3300 रुपये की नकदी लूटने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपी सन्नी उर्फ मोगली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। पहले उमेद विहार कॉलोनी निवासी आरोपी शुभम जेल भेजा जा चुका है।

### कोठी से शैटरिंग का सामान चोरी

**हिसार।** सेक्टर-3 स्थित एक निर्माणाधीन कोठी से शैटरिंग का सामान चुरा हो गया। पुलिस ने ठेकेदार जयभगवान की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। चोरीशुदा सामान की कीमत करीब 80 हजार रुपये है।

## हिसार नगर निगम चुनाव के लिए महाबीर स्टेडियम में खुलेगा पिटारा

# मेयर के 7 और 20 वार्डों के 116 उम्मीदवारों का होगा फैसला, आज बन जाएगी शहर की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

एक साल से शहर की नई सरकार की बाट जोह रही जनता का बुधवार को इंतजार खत्म हो जाएगा। लोगों में आज होने वाली मतगणना को लेकर रूचि है, वहीं प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ी हुई है। वैसे तो शहर की जनता ने अपना फैसला तो 2 मार्च को कर दिया था लेकिन पता 12 मार्च को चलेगा कि लोगों ने किसे जनादेश दिया है। वैसे तो सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं परन्तु आज मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा कि शहर की जनता की पहली पसंद कौन रहा। हां, इतना भी जरूर है कि शहर की जनता ने जिस किसी भी प्रत्याशी को जनादेश दिया होगा, उसके सामने चुनौतियां अनेक खड़ी मिलेगी।

### सुबह 8 बजे से गिनती

हिसार नगर निगम चुनाव की मतगणना बुधवार को महाबीर स्टेडियम के जिम्नेजियम हॉल में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर निगम हिसार में कुल 239 बूथ थे, जिन पर हुए मतदान की गणना की जाएगी। पार्षद पद के लिए एक राउंड में एक बूथ की गिनती होगी, जिससे मतगणना कुल 20 राउंड में पूरी होगी। वहीं, मेयर पद की मतगणना के लिए भी अलग-अलग टेबल की व्यवस्था की गई है।



हिसार। मतगणना स्थल का निरीक्षण करते रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह।

### 1 लाख 39 हजार 840 वोटर्स ने किया मतदान, इनमें था मुकाबला

मेयर पद के लिए 7 तथा निगम के 20 वार्डों से कुल 116 प्रत्याशी मैदान में है। भाजपा ने मेयर समेत निगम के सभी 20 वार्ड में अपने प्रत्याशी चुनावी सिंबल पर उतारे हुए है, जबकि कांग्रेस ने मेयर तथा कुछ वार्डों से ही पार्षद पद के लिए प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल पर उतारा है। बाकी में कांग्रेस ने निर्दलीय प्रत्याशियों को समर्थन दिया है। मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी प्रवीन पोपली, कांग्रेस प्रत्याशी कृष्ण सिंगला टीटू, निर्दलीय प्रत्याशी गुरमीत सिंह, मीरा लोट, सुरेंद्र कुमार, सुरेंद्र भोरिया व होशियार सिंह में मुकाबला है। मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच है। गत 2 मार्च को हुई वोटिंग में 2 लाख 68 हजार 316 मतदाताओं में से 1 लाख 39 हजार 840 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जोकि कुल मतदान का 52.1 फीसद है। इसके अलावा 37 पोस्टल बैलेट भी प्राप्त हुए है।

### ये है वोटिंग का आंकड़ा

| वार्ड | मतदाता | वोट | प्रत्याशी |
|---|---|---|---|
| 1 | 17111 | 8248 | 4 |
| 2 | 14076 | 7005 | 8 |
| 3 | 12901 | 5490 | 2 |
| 4 | 10955 | 6106 | 6 |
| 5 | 11887 | 6889 | 4 |
| 6 | 10441 | 6832 | 10 |
| 7 | 16033 | 9421 | 8 |
| 8 | 14514 | 9184 | 8 |
| 9 | 16155 | 8841 | 5 |
| 10 | 12356 | 7903 | 9 |
| 11 | 12588 | 8340 | 7 |
| 12 | 15280 | 7230 | 3 |
| 13 | 10962 | 5056 | 3 |
| 14 | 13239 | 5985 | 5 |
| 15 | 14141 | 6746 | 3 |
| 16 | 13495 | 7249 | 9 |
| 17 | 13414 | 5615 | 5 |
| 18 | 14331 | 6066 | 8 |
| 19 | 12549 | 6889 | 6 |
| 20 | 11888 | 4745 | 3 |
| कुल | 268316 | 139840 | 116 |

### सभी कदम उठाए : आरओ

रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। मतगणना के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। महाबीर स्टेडियम में बिना तलाशी किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। मोबाइल फोन, पेन, बीड़ी-सिगरेट, माचिस, घड़ी, थैला, अंगूठी, कड़ा, ब्लेड, चाकू, हथियार और तरल पदार्थ जैसे सामान ले जाने पर सख्त रोक होगी।

### दो लेयर में होगी सुरक्षा

मतगणना केंद्र पर पर्यवेक्षण अधिकारी सहित उनके साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही रिजर्व पुलिस बल रखा गया है। दो लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर आने वाले नागरिकों की अच्छे से चैकिंग की जाएगी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि महाबीर स्टेडियम के मतगणना केंद्र द्वार पर डीएमएफडी सहित पुलिस बल की नियुक्ति की गई है।

### मतगणना पर नाकाबंदी और पार्किंग व्यवस्था

शशांक कुमार सावन ने कहा है कि मतगणना के दिन यातयात व्यवस्था को सुचारू रूप ने चलने के लिए डीएसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक थाना प्रबंधक और संबधित थाना प्रभारी को भी निर्देश दिए गए है। फव्वारा चौक, फ्लाई ओवरब्रिज, टी प्वाइंट महाबीर स्टेडियम और पंचायत भवन तक रूट व्यवस्था लगाई गई है। रानी लक्ष्मीबाई चौक, शर्मा अस्पताल के सामने, शर्मा अस्पताल टी प्वाइंट, महाबीर स्टेडियम के मुख्य द्वार, बल भवन के सामने, एचएयू के गेट नम्बर एक, मलिक चौक, गवर्मनेट कॉलेज के पिछले वाले गेट, राज गढ़ रोड गवर्मनेट कॉलेज के सामने और एचएयू गेट नम्बर 4 पर नाकाबंदी की गई है। मतगणना के समय गवर्मेंट कॉलेज ग्राउंड में पार्किंग व्यवस्था की गई है। गवर्मनेट कॉलेज ग्राउंड में आने के लिए राजगढ़ रोड से इंट्री की गई है।



शशांक कुमार सावन, एसपी

## महंत के पक्ष में चार गांव के लोग प्रशासन से मिले



नारनौंद। कोथ कलां के मठ में महंत शुक्राई नाथ के पक्ष में बैठक करते ग्रामीण।

- ग्रामीणों ने कहा - कुछ विपक्षी लोग मठ में नशा फैलाने के लिए महंत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसा नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

दादा काला पीर मठ कोथ कलां विवाद को लेकर महंत के पक्ष में कर गांव के लोग मंगलवार को एसडीएम से मिले और उन्होंने अपना पक्ष रखा। कहा कि महंत के ऊपर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह निराधार हैं। दूसरे पक्ष के लोगों को भी जल्द ही अपना पक्ष प्रशासन के सामने रखेंगे।

ग्रामीण सतपाल संधू , राजबीर संधू, कृष्ण संधू, सुरेन्द्र संधू, नरेश संधू, ध्यानचंद संधू, जोराराम संधू, कर्मपाल श्योराण, मांगेराम शर्मा, रामफल शर्मा, दयानंद श्योराण, दाया संधू, रूपसिंह ,नरेश कुमार, बलजीत, हरदीप, शमशेर, जसवंत संधू, क़िताब सिंह, सुरेश, वेदप्रकाश, राजेश मास्टर,गज्जाराम संधू, बारूराम संधू, सुरता, रामेश्वर, निवासा, सुरजभान, रघुवीर, भीरा,गफ्फू, विक्रम संधू आदि ने बताया कि मंगलवार को मठ में गांव कोथ कलां, कोथ खुर्द, खापड़ और नाडा के ग्रामीणों की बैठक हुई थी जिसमें निर्णय लिया गया कि जो आरोप महंत शुक्राई नाथ पर लगाए गए हैं वह सरासर निराधार है। कुछ विपक्षी लोग मठ में नशा फैलाने के लिए महंत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उनके निजी स्वार्थ मठ की तरफ से पूरे नहीं हो पा रहे। इसलिए वह झूठे आडंबर रचकर महंत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। एसडीएम से मिलकर सभी बातों को लेकर अपना पक्ष रख दिया है।

### महंत बोले
#### बलिदान देना पड़ा तो हम पीछे नहीं हटेंगे

महंत शुक्राई नाथ ने बताया कि नशा विरोधी मुहिम जो शुरू की है लगातार चलती रहेगी। इसके लिए कुछ भी बलिदान देना पड़े हम पीछे नहीं हटेंगे। यह शराब, स्मैक और किताब के बीच का धर्म युद्ध है पीछे नहीं हटूंगा।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार को लघु सचिवालय के मुख्य गेट के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बाद में मोर्चा के नेताओं ने उपायुक्त के मार्फत सीएम नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता सुरजभान डाया, कमला देवी व रोहतास ने संयुक्त रूप से की संचालन सरदानन्द राजली ने किया। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर प्रदेश के किसानों के मुद्दों के समाधान करवाने का मांग पत्र भेज रहे है। लंबे समय से देश के किसानों की प्रमुख मांगे और हरियाणा भर के किसानों की समस्याओं एवं मुद्दों ज्यों के त्यों लंबित है जिनका समाधान न होने से किसानी वर्ग में रोष बढ़ता जा रहा है। अगर 20 तारीख तक सरकार ने इन तमाम मुद्दों पर संज्ञान लेकर कोई समाधान नहीं किया तो आने वाली 20 मार्च को कुरुक्षेत्र पिपली के अंदर प्रदेश भर के किसान एकजुट होकर सीएम के आवास का घेराव करेंगे। मोर्चा 20 मार्च को बड़े आगामी आंदोलन का आह्वान करेगा। धरने में शमशेर सिंह नम्बरदार, रणबीर मलिक, डॉ. करतार सिवाच, सतबीर धायल, सोमबीर चौधरीवास, मुकेश घणघस, सुबेसिंह बूरा, जसबीर सूरा, कुलदीप पुनिया, कपूर बगला, सुरेश दुर्जनपुर, मनोज सोनी, विजय कारगवाल, बलराज मलिक मौजूद रहे।

## महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए आज होगा खिलाड़ियों का ट्रॉयल

**हिसार।** हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से 8वीं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी की चैंपियनशिप के लिए तोशाम रोड स्थित अखिल कुमार बॉक्सिंग क्लब में ट्रॉयल लिए जाएंगे। क्लब के वाइस प्रेजिडेंट अर्जुन ठाकुर ने बताया कि आगामी 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए मुक्केबाजों का चयन करने के लिए एलीट महिलाओं के लिए चयन ट्रायल 12 मार्च को आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भार श्रेणियों में बदलाव के कारण ये चयन ट्रायल आयोजित करने की आवश्यकता है। अर्जुन ठाकुर ने बताया कि 12 मार्च को वजन और मेडिकल परीक्षण सुबह 6 से 7 बजे तक किया जाएगा। इसके पश्चात वजन वर्ग 45-48, 48-51, 51-54, 54-57, 57-60, 60-65, 65-70, 70-75, 75-80 और +80 किलोग्राम के ट्रॉयल लिए जाएंगे।

### 4 से 7 नवंबर तक रोहतक में प्रतियोगिता


अर्जुन ठाकुर ने बताया कि इसके लिए पात्रता मापदंड 4 से 7 नवंबर 2024 तक रोहतक में आयोजित 5वीं एलीट महिला हरियाणा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सभी पदक विजेता (स्वर्ण, रजत और कांस्य) शामिल रहेंगे। इसके अलावा 2024 में किसी भी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के सभी पदक विजेता भी ट्रॉयल दे सकते हैं। मुक्केबाजों को अपनी पसंद के किसी भी भार वर्ग में भाग लेने की अनुमति है।

## युवकों ने क्लीनिक में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

रूप नगर कॉलोनी स्थित डॉ. मुनीश कुमार की क्लीनिक में लाठी डंडों से लैस आधा दर्जन युवकों द्वारा मारपीट व तोड़फोड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच क्लीनिक का निरीक्षण कर अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। क्लीनिक में तोड़फोड़ करने के दौरान एक युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल भी कर दिया।

दुकान में तोड़फोड़ व युवक के साथ मारपीट के दौरान आसपास के लोगों को एकत्रित होते देख हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। वहीं क्लीनिक में दिन दिहाड़े हुई वारदात के बाद कॉलोनी में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने में जुटी है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।



हांसी। क्लीनिक में बिखरी पड़ी दवाइयां

### गिरफ्तारी जल्द

रूपनगर कॉलोनी में अज्ञात हमलावरों युवकों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला मेरे संज्ञान में है। हमलावर युवकों की पहचान के कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फूटेज चैक की जा रही है, जल्द ही क्लीनिक में तोड़फोड़ करने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-सदानंद शर्मा, शहर थाना प्रभारी।

### युवक को पीटा, रोकने पर दवाएं फेंकी, रैक तोड़े

मामले की जानकारी देते हुए क्लीनिक संचालक डॉ. मुनीश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर अपनी क्लीनिक पर एक महिला मरीज को चैक कर रहा था कि इसी दौरान 6 युवक अपने हाथों में लाठी डंडे लिए मेरी क्लीनिक में घुस आए। उन्होंने आते ही क्लीनिक के अंदर खड़े युवक के साथ मारपीट करने लगे। जब मैंने उन्हें ऐसा करने से रोका तो उन्होंने क्लीनिक में तोड़फोड़ शुरू कर दी और क्लीनिक में रखी दवाइयां फर्श पर फेंक दी तथा रैक तोड़ डाले। उन्होंने बताया कि अचानक युवकों द्वारा हमला किए जाने से स्तब्ध क्लीनिक में बैठे मरीजों ने बाहर भाग कर जान बचाई और मरीजों द्वारा शोर मचाए जाने के बाद लोगों की भीड़ को एकत्रित होते देख हमलावर युवक मौके से फरार हो गए।

## हिसार स्टेशन के पुनर्विकास का काम तेज, जल्द पूरा होने की उम्मीद

# यात्रियों को हेरिटेज लुक के साथ मिलेंगी सुविधाएं

- स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के अलग रास्ते होंगे
- बाइक और कार के लिए होगी पार्किंग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर- पश्चिम रेलवे, बीकानेर मंडल के हिसार स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य अंतिम चरण में है और लगभग 98 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है।

लगभग 27.54 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा । स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यन्त आकर्षक है एवम आकर्षक आधुनिक स्टेशन भवन निर्माणाधीन है।।सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा। स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा।



हिसार। हिसार रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### 12 मीटर चौड़ा पैदल पुल बनवाया जाएगा, 12.98 करोड़ रुपये खर्च होंगे

स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा पैदल पुल भी बनाया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत लगभग 12.98 करोड़ रुपये है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा होने पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी एवं व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा। अमृत स्टेशन पुनर्विकास योजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लोगों को आवागमन में सुविधा होगी, स्वच्छ और आधुनिक रेलवे स्टेशनों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास होगा।

### जीपीएस डिजिटल क्लॉक भी होगी

इसके अलावा यात्री सूचना प्रणाली में सुधार के लिए के कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्प्ले बोड्‌र्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी लगाया जाएगा।



## अग्निवीर भर्ती के रजिस्ट्रेशन शुरू, 10 अप्रैल तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। अग्निपथ भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ज्वाइनइंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर विजिट कर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। हिसार सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक ने बताया कि अग्रिपथ योजना के तहत ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान किया जाना है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार दो अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन कर सकते हैं, अबकी बार ऐसा विकल्प भी दिया गया है। भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (सीईई) द्वितीय चरण में भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार के लिए वेबसाइट ज्वाइनइंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

### ये होनी चाहिए योग्यता

भर्ती निदेशक ने बताया कि हिसार, फतेहाबाद, सिरसा व जींद जिला के जिन युवाओं का जन्म 01 अक्टूबर 2004 से 01 अप्रैल 2008 के बीच हुआ है, वे आवेदन के पात्र होंगे। ऐसे युवा जिन्होंने दसवीं या बारहवीं की कक्षा उत्तीर्ण की है या बोर्ड परीक्षा दे चुके हैं और अभी उनके परिणामों की घोषणा नहीं हुई है, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे अन्य औपचारिकताओं को पूरा करते हों। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडमैन (दसवीं पास) व अग्निवीर ट्रेडमैन (आठवीं पास) के पद आर्म फोर्स के लिए हैं।



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।


लाइफ Style

# अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

एजेंसी मुंबई

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी' का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला





# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।



## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला दीवाना' में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*



***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



*__मुंबई।__ विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।



### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर' के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी ज़िंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप

### गर्मी में पेयजल की नहीं होनी चाहिए किल्लत

**हांसी।** आने वाले गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की कोई किल्लत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारी समय रहते तमाम आवश्यक प्रबंध पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

### सारिका ने बनाया सबसे सुंदर पोस्टर

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को बखूबी प्रदर्शित किया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सारिका प्रथम, रितु द्वितीय व रूपाली और अंकुर तृतीय स्थान पर रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बी एड द्वितीय वर्ष के छात्र शिवा ने प्रथम, बी एड प्रथम वर्ष की गीता ने द्वितीय व कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### होली के रंग कवियों के संग कार्यक्रम आज

**मंडी आदमपुर।** वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा की शाखा मंडी आदमपुर के सानिध्य में वनवासी बंधुओं के सहायतार्थ होली के रंग कवियों के संग कार्यक्रम बुधवार 12 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए शाखा अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि 12 मार्च को शाम सात बजे से गांव मोडाखेड़ा के मेन चौक में होने वाले कवि सम्मेलन में कवि राजेश चेतन, योगेंद्र शर्मा, गौरी मिश्रा, जगबीर राठी व केसर मारवाड़ी के अलावा हरियाणवीं कलाकार जगबीर राठी भी प्रस्तति देंगे।

### खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 21 को

**हिसार।** जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा खो-खो प्रतियोगिता (पुरुष व महिला) 2024-25 का आयोजन 21 से 24 मार्च तक विनय मार्ग स्पोर्ट्स काम्पलैक्स चाणक्यपुरी नई दिल्ली में करवाया जा रहा है।

### बाबा को लगाया खीर-चूरमा और छापन भोग

**हिसार।** सेक्टर 16-17 में श्री श्याम मंदिर में चार दिनों से फाल्गुन मेले की धूम है। मंगलवार को द्वादशी पर श्री श्याम प्रभु को चार क्विंटल खीर और 6 क्विंटल चूरमा का भोग लगाया गया। छप्पन तरह के मिष्ठान का भोग भी लगाया गया। भोग प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। इससे पहले सुबह बाबा का आलौकिक श्रृंगार किया गया। सायं गणेश वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत हुई।

### बारस पर खीर के प्रसाद का किया वितरण

**मंडी आदमपुर।** श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से फाल्गुन की बारस पर मंगलवार को खीर के प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले एडिशनल मंडी स्थित श्रीशिव हनुमान मंदिर में बाबा श्याम के दरबार में खीर का भोग लगाया गया।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**मंडी आदमपुर।** गांव चूली कलां में पेट्रोल पंप पर गाड़ी के शीशे तोडऩे व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार युवकों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चूली बागडिय़ान निवासी संदीप कुमार ने बताया कि गांव चूली कलां में दड़ौली रोड पर हरियाणा फीलिंग स्टेशन के नाम से उसका पेट्रोल पंप है। सात मार्च को रात करीब नौ बजे एक मोटरसाइकिल पर तीन लडक़े सवार होकर पेट्रोल पंप पर आए। उस समय पंप पर उनका कर्मचारी विनोद कुमार था। विनोद ने उन बदमाश किस्म के लडक़े जिन्होंने शराब भी पी रखी थी से कहा कि तेल खत्म है।

## बाढ़ एवं जल भराव की तैयारियों को लेकर ली बैठक

# शहर के जलभराव से प्रभावित होने वाले एरिया पर फोकस

### समय रहते अधिकारियों को अग्रिम प्रबंध करने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

जिला के जिस भी क्षेत्र में बारिश के दिनों में या फिर सेम इत्यादि से जलभराव होता है, उस संबंध में संबंधित विभाग पुख्ता तैयारियां करें। इसके साथ ही हिसार शहर के जलभराव से प्रभावित होने वाले एरिया को भी प्वाइंट आउट करते हुए इस दिशा में खास रणनीति बनाएं।

यह बात उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक से पहले हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की 54वीं बैठक में गृह सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस सुमित्रा मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस अनुराग अग्रवाल ने अलग-अलग पहलुओं पर अपनी बात रखते हुए बाढ़ एवं जल भराव की तैयारियों को पुख्ता करने के निर्देश दिए। उपायुक्त अनीश यादव ने हिसार जिला के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल निकासी की व्यवस्था समुचित की जाए। उन्होंने बैठक में जिले में जल निकासी से जुड़े प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से उनके वर्तमान स्टेटस की जानकारी ली। उपायुक्त अनीश यादव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रैन, तालाब, वाटर चैनल की सफाई आदि कार्यों को निरंतर जारी रखें।

### हिसार शहर के लिए भी दिए खास निर्देश

बैठक के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने शहरी इलाके से होने वाले पानी निकासी के पहलुओं पर भी फीडबैक लिया। बैठक के दौरान हिसार की ऑटो मार्केट, बरवाला बाइपास, सर छोटू राम चौक, जिंदल चौक सहित अलग-अलग इलाकों में अधिक बारिश की मात्रा के दौरान कितनी देर में निकासी हो जाती है, इस संबंध में भी बारीकी से अध्ययन किया गया। उपायुक्त अनीश यादव ने निर्देश दिए कि सीवरेज इत्यादि की साफ-सफाई पुख्ता रूप से रखी जाए, साथ ही विभाग के तकनीकी कर्मचारी इस डेटा को जरूर रखें कि जरूरत पड़ने पर पड़ोसी जिलों से कितनी देर में तथा कितने साधनों की मदद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान किसी भी नागरिक को जलभराव के कारण परेशानी न हो।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, एसडीएम बरवाला डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई आरके शर्मा, एक्सईन संजीव, बलकार रेड्डू, शशि कांत, सिंचाई विभाग के एसई विमल कुमार, तकनीकी विंग के एक्सईन एलपी सिंह, आंनद, विनोद वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# महिलाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

- महिलाओं को आत्मरक्षा में निपुण करने के उद्देश्य से गंगवा की धर्मशाला में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** शिविर में सेल्फ डिफेंस की तकनीक सीखती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

महिलाओं को आत्मरक्षा में निपुण करने के उद्देश्य से गंगवा की धर्मशाला में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कुमार ने महिलाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी और रोजमर्रा की वस्तुओं का प्रयोग करके असामाजिक तत्वों का मुकाबला करने के उपाय बताए। इसके साथ ही अपना बचाव करने और सुरक्षित रहने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर के दौरान हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधन अधिकारी वीरेंद्र श्योराण व खंड प्रबंधन अधिकारी अनु मलिक की विशेष रूप से उपस्थिति रही। इस दौरान विजय ग्राम संगठन जीवन ज्योति की भी विशेष भूमिका रही। शिविर के दौरान शारदा गंगवा, चंचल, सीमा, सुनीता, ममता, मुंजाल, अमरपति, सुदेश व सीमा सहित काफी संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आईटीआई के विद्यार्थियों को किया नशे व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक



**हांसी।** पुलिस कल्याण निरीक्षक सरोज ने मंगलवार को राखी शाहपुर आईटीआई के विद्यार्थियों को नशे, साइबर क्राइम व ट्रैफिक नियमों के बारे जागरूक किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमें ट्रैफिक नियमों की पालना भी करनी होगी। हम सब यातायात नियमों की पालना करते हुए खुद को सुरक्षित रखने के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते है। वाहन चलाते समय नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे है। पुलिस समय समय पर साइबर अपराध से जुड़ी घटनाओं को लेकर नागरिकों को सतर्क करती रहती है।

## 18 छात्रों ने ओलंपियाड में जीते स्वर्ण पदक

**हिसार।** विद्यार्थियों में शिक्षा की अलख जगा रहे जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर के 18 विद्यार्थियों ने ओलंपियाड परीक्षा में स्वर्ण पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है। नेशनल साइंस ओलंपियाड, इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड व इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने अपनी धाक जमाई है। अन्वी चौधरी, नैन्सी महता, मिनल, कपिश, योगेश, आदित्य सिंगल, युवराज सिंह, दिशा, तमन्ना, शिवम जैन, दर्पण अग्रवाल, पलक, राघव मित्तल, अन्नया जैन, भारत, प्रथम, हिमांशु व मुकेश शर्मा का नाम ओलंपियाड परीक्षा में पदक जीतने वाली सूची में शामिल है।

# काफी और अभिषेक ने मारी बाजी

- जिला माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना



**उकलाना।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

जिला साइकिलिंग संघ हिसार द्वारा जिला माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन आरोही स्कूल उकलाना के नजदीक किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र पाल वर्मा ने किया। समापन के मौके पर गुडविल हाइब्रिड सीड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गुलशन आहूजा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंडर 14 लड़कियों के इंडिविजुअल टाइम ट्रायल मुकाबले में काफी प्रथम, वंशिका आरोही स्कूल द्वितीय, कोमल गोल्डन स्कूल तृतीय, लड़कों के अंडर 16 इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में आरडीएम स्कूल के अभिषेक प्रथम, शनि द्वितीय व राकेश तृतीय स्थान पर रहे।

पुरुषों के इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में सुनील प्रथम, सौरभ द्वितीय राहुल तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर साइकिलिंग प्रशिक्षक हैप्पी असीजा, भगत सिंह, सुमित भ्याना, लवली भुम्बक, रेलू राम, मनोज कुमार, लविश कुमार, राजकुमार वर्मा, विजय कुमार, मंजू रानी, सिकंदर, सोनू, सुल्तान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# मसालों एवं सब्जियों की खेती के लाभ बताए

- हकृवि में 'बीज मसाले-चुनौतियां व अवसर' पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** फील्ड विजिट के दौरान फसलों को निरीक्षण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग द्वारा 'बीज मसाले-चुनौतियां व अवसर' विषय पर दो दिवसीय संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। संगोष्ठी में शोधार्थी, किसान और वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि गुणवत्ता युक्त सब्जियों की प्रजातियों का विकास करने की जरूरत है ताकि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जैविक खेती, ड्रिप इरीगेशन तथा कीट प्रबंधन के क्षेत्र में वैज्ञानिकों को और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करना होगा। उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ-साथ बीजों की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि इनके उपयोग से स्वास्थ्य पर कोई दुष्प्रभाव न पड़े। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करने का भी आह्वान किया। जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी तालमेल के साथ कार्य करने पर बल दिया। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान अपनी आमदनी में इजाफा कर सकते हैं। उच्च गुणवत्ता वाले रोग मुक्त स्वास्थ्य पौधे तैयार करके तथा किसानों को प्रशिक्षण देकर सब्जियों के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। सब्जियों की खेती में नर्सरी से लेकर खेत में उत्पादन के बाद प्रसंस्करण पर भी काम करने की जरूरत है।

### उच्च गुणवत्ता युक्त बीजों एवं तकनीकों का उपयोग करें : डॉ. गर्ग

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि किसान परंपरागत फसलों के स्थान पर मसालों एवं सब्जियों की खेती करके अपनी आर्थिक स्थिति को और अधिक सुदृढ़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त बीजों एवं तकनीकों का उपयोग करना चाहिए।

# पुलिस को मिले एसीपी काटने के नोटिस

- हरियाणा पुलिस एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सिवाच ने एसीपी बचाओ संघर्ष समिति की तरफ से पूर्व सीएम को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ज्ञापन सौंपते ईएसआई दिनेश सिवाच। फोटो : हरिभूमि

पुलिस महानिदेशक द्वारा कांस्टेबल और एग्जंप्टी हेड कांस्टेबल (ईएचसी) को एसीपी (सुनिश्चित कैरियर प्रगति) स्केल देने की योग्यता के संदर्भ में जारी किए गए पत्र के बाद एसीपी वापसी के नोटिस मिलने के बाद पुलिस कर्मचारी भी एकजुट होने शुरू हो गए हैं। हरियाणा पुलिस एसोसिएशन के हिसार जिले के पूर्व प्रधान ईएसआई दिनेश सिवाच ने बताया कि करीब 2500 पुलिस कर्मचारियों ने मिलकर एसीपी बचाओ संघर्ष समिति बना ली है। संघर्ष समिति की तरफ से उन्होंने मंगलवार को चंडीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात की और पुलिस कर्मचारियों के सामने आ रही समस्या के प्रति ज्ञापन दिया और मामला विधानसभा सत्र में उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले में वे शीघ्र ही हाईकोर्ट भी शरण लेंगे। उन्होंने बताया कि 3 मार्च, 2025 को पुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस यूनिट के प्रमुखों को पत्र जारी कर कांस्टेबल और एग्जंप्टी हेड कांस्टेबल (ईएचसी) को एसीपी (सुनिश्चित कैरियर प्रगति) स्केल देने की योग्यता के संदर्भ में पत्र जारी किया। हालांकि इससे पूर्व 13 मई, 2021 को भी इसी तरह का पत्र जारी किया गया था। इस पत्र के अनुसार अब एसीपी स्केल हरियाणा सिविल सर्विस (एसीपी) रूल्स 2016 के तहत दिया जाएगा। 2016 के नियमों में सरकार ने कुछ शर्तें लगा दी है। इन शर्तों के अनुसार पहली, दूसरी और तीसरी एसपी की योग्यता पूरी करने वाले प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को उसके काडर में अगले उच्च पद पर पदोन्नत कर दिया जाएगा।

### इस तरह के नोटिस जारी किए जा रहे हैं

हिसार में एक पुलिस कर्मचारी को 1 मार्च, 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है कि क्यों ना उसको दी गई तीन एसपी को वापस ले लिया जाए। यह पुलिस कर्मचारी 1992 में पुलिस में भर्ती हुआ और उसको पहली एसीपी वर्ष 2002 में, दूसरी एसीपी 2012 और तीसरी एसीपी 2016 में मिली। 2016 के बाद अब करीब आठ से नौ साल हो चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार रिकवरी के आदेश जारी करने से पांच साल पहले यदि अतिरिक्त भुगतान जारी कर दिया गया हो तो रिकवरी नहीं की जाएगी।

# अटल सरकार में देश ने की तरक्की

- केवल एक राजनेता नहीं बल्कि भाजपा के स्तम्भ थे अटल बिहारी वाजपेयी : अशोक सैनी
- अटल शताब्दी वर्ष के तहत जिला कार्यालय में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके प्रबुद्ध जन सम्मेलन का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी व अन्य पार्टीजन। फोटो : हरिभूमि

राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में देश ने तरक्की की जो राह पकड़ी, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अटल जी ने जिस कार्यकुशलता से कई दलों को जोड़कर शासन चलाया, उसी की बदौलत देश में एनडीए की मजबूती की नींव पड़ी और आज नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर शासन चला रहे हैं। डॉ. कमल गुप्ता, जो अटल जन्म शताब्दी वर्ष के प्रदेश संयोजक भी है, मंगलवार को पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने की जबकि अटल शताब्दी वर्ष के जिला संयोजक एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया, सह संयोजक मुनीष ऐलावादी, अनिल गोदारा आदि मौजूद रहे।

# बजट में व्यापार व उद्योगों को मिले बढ़ावा : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



बजरंग गर्ग।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारी व उद्योगपतियों से बातचीत करने के बाद कहा कि गांव स्तर पर छोटे व मध्यम उद्योग लगाने पर सरकार को बजट में 25 लाख रुपये तक बिना ब्याज लोन देना चाहिए। हरियाणा में नए उद्योग लगाने पर सरकार को 5 साल तक हरियाणा के एसजीएसटी में पूरी तरह छूट होनी चाहिए ताकि पहले की तरह गांव स्तर के भारी तादाद में उद्योग स्थापित हो सके। गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में गांव स्तर पर में 80 प्रतिशत छोटे व मध्यम उद्योग बन्द हो चुके है। पहले गांवों में हैंडलूम, नमकीन, बेकरी, साबुन, तेल, कुलर, पंखे, पीलंग, निवार, आदि के उद्योग लगे हुए थे जो अब लगभग बन्द हो चुके है। सरकार को हरियाणा के वार्षिक बजट में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सुविधा देनी चाहिए। बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों की दुकान व फैक्ट्री में आग लगने पर उसके नुकसान की भरपाई करने का नियम बनाना चाहिए।

## बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

# नई सब्जी मंडी में बारस पर लगाया विशाल भंडारा

- श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की ओर से हर माह बारस पर चलाए जाने वाले भंडारे में उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की ओर से हर माह बारस पर चलाए जाने वाले भंडारे की कड़ी में मंगलवार की सुबह नई सब्जी मंडी में दुकान नंबर 75 पर 28वां मासिक सब्जी पूरी का भंडारा चलाया गया। संस्था के प्रधान सुरेन्द्र बालान ने बताया कि मंडल के संस्थापक एन.के.गोयल, भाई चरणजीत सिंह व सुरेश कुमार ने बाबा को भोग लगवाकर भंडारे की शुरुआत की। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रवीन सहारण, सुमित कुकड़ेजा, अरुण सेठी, राजेन्द्र सैनी, डॉ. मोहित, अशोक रोहिल्ला, हैप्पी सैनी, सौरभ शर्मा, हैप्पी बालान, राजकुमार, विजय बालान, एस. सैनी, मनोज सैनी, बंसीलाल आदि मौजूद रहे।




**हिसार।** नई सब्जी मंडी में मासिक भंडारा वितरित करते श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### आशा खेदड़ ने पुस्तकालय की नींव का पत्थर रखा

**उकलाना।** गुरु रविदास सेवा ट्रस्ट के पुस्तकालय के भवन का नींव पत्थर भाजपा नेता डॉ. आशा खेदड ने रखा।इसकी अध्यक्षता प्रधान बलबीर सिंह बौद्ध ने की। आशा खेदड ने कहा कि पुस्तकालय से जहां बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिलेगा और रोजगार के लिए उनके दरवाजे भी खुलेंगे। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष सुशील साहूवाला, उपाध्यक्ष सतवंत सिंह लोटे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित लितानी, सिकंदर, मास्टर रामकुमार, चरत सिंह, आज़ाद सिंह, पंजाब सिंह, रामकिशन, रामफल, हवा सिंह सरपंच राजेश कुमार मौजूद थे।

### सिलाई शिक्षा केंद्र का शुभारंभ 16 को

**मंडी आदमपुर।** मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा हाउसिंग बोर्ड संत नामदेव मंदिर में 16 मार्च से सिलाई शिक्षा केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट अध्यक्ष मोतीलाल बंसल व हीरालाल ने बताया कि कि इस प्रशिक्षण में आदमपुर के भी कोई भी महिला प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। इस बारे समिति के सदस्यों से संपर्क कर नाम दर्ज कराया जा सकता है।

### विजय ढल के दामाद के निधन पर शोक जताया

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति के तत्वाधान में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी विजय ढल के दामाद भठिंडा निवासी डॉ. दीपक अरोड़ा के आकस्मिक निधन पर न्यू ऋषि नगर स्थित ब्रह्म संस्कृत पाठशाला में समिति के मुख्य संरक्षक एच.के.शर्मा की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा के अलावा अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोकसभा में पार्षद मनोहर नांगरू, एम.पी.शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, सत्यपाल अग्रवाल, पूर्व पार्षद पंकज दिवान, सुशील शर्मा वी.एल.शर्मा, राज पराशर, ओमप्रकाश बजाज, सुनील पलम्बर, स. सुखविंद्र सिंह, काका सिंह आदि ने परिवार का ढांढस बांधा।

### साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए एंट्री 14 तक

**उकलाना।** हैदराबाद में आयोजित होने वाली प्रथम राष्ट्रीय पैरा साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए हरियाणा प्रदेश का कोई भी दिव्यांग (पैरा) खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकता है। हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय साइकिलिंग महासंघ के मानक अनुसार करवाई जाएगी। प्रतियोगिता 13 किलोमीटर की होगी। जिसमें दिव्यांग (पैरा) के कई प्रकार रखे गए हैं। इस प्रतियोगिता में दिव्यांग खिलाड़ी अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र दिखाकर अपनी एंट्री भेज सकता है इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी अपने खर्चे पर भाग लेगा सभी प्रकार की जिम्मेदारी खिलाड़ी की होगी। तंवर ने बताया कि अपनी एंट्री 14 मार्च 5:00 बजे तक ईमेल के माध्यम से भेज सकते है।

## नगर परिषद की दूसरी मीटिंग रही हंगामेदार, चेयरमैन और परिषद अधिकारियों के साथ पार्षदों की तीखी बहस

# 80 करोड़ के कार्यों को मंजूरी, भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर पांच पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को बजट और साधारण मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता चेयरमैन प्रवीन ऐलावादी ने की। करीब दो घंटे चली मीटिंग में शहर में होने वाले करीब 80 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। मीटिंग के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को लेकर चेयरमैन व परिषद अधिकारियों के साथ तीखी बहस की, वहीं नप में भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर पांच पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार किया और इस दौरान उन्होंने मीटिंग हाल के बाहर धरना दिया। मीटिंग में गली-नाली निर्माण, सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्क और बिजली के खंभों से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। मीटिंग में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया गया और पार्षदों से इस पर सहमति मांगी गई और पार्षदों ने अपनी आय व व्यय का ब्योरा भेजा गया हैं। वहीं परिषद की ओर से मीटिंग में पिछला लेखा-जोखा भी पेश किया गया।





हांसी। परिषद मीटिंग में पार्षदों को संबोधित करते नप चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी व परिषद मीटिंग का बहिष्कार कर धरने पर बैठे पार्षद।

### कमेटी के अधिकारी मनमानी कर रहे

मीटिंग का वार्ड 25 के कृष्ण सैनी, वार्ड 23 के आशीष उर्फ पिंकू, वार्ड 26 के दुलीचंद नगोरा, वार्ड 19 के रमेश सिसोदिया, वार्ड 8 के कुक्कु सरदार व वार्ड नंबर 5 पार्षद नीतेश शर्मा ने नप प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मीटिंग का बहिष्कार मीटिंग कार्यालय के बाहर धरना दिया। पार्षदों का कहना था कि पेमेंट अप्रूवल कमेटी के अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और बिना मानिटरिंग के ही ठेकेदारों को भुगतान किया जा रहा है। वहीं पार्षद पिंकू ने कहा कि तकनीकी शाखा में बैठे अधिकारी अपने चहेतों को उच्च रेटों व अधिक पैसों में ठेके दिए जा रहे हैं। पार्षद ने आरोप लगाया है कि हर बार लाइट रिपेयरिंग का ठेका एक ही फर्म को दिया जा रहा हैं, जब की सरकार की हिदायत के अनुसार टैंडर के लिए कम से कम तीन फर्म आनी जरूरी है।

### समाधा रोड़ बस्ती में रहने वाले लोगों को दिए जाएं पक्के मकान

मीटिंग में वार्ड 2 के हरिराम सैनी ने समाधा मंदिर रोड बनी कालोनी में पिछले कई सालों से रहने वाले लोगों को जमीन खाली करने के नोटिस दिए गए हैं। लेकिन उनकी जमीन खाली करवाने से पहले कालोनी में रहने वाले लोगों को कम से कम 50 गज पर मकान बनाकर दिए जाने चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि समाधा मंदिर मार्ग स्थित कायमसर झील की तारबंदी की मांग दोहराई, उन्होंने कहा कि इसके लिए परिषद मीटिंग 50 लाख रुपये का बजट पास किया जा चुका है। इस पर परिषद अधिकारियों ने बताया कि इस जमीन पर कोर्ट केस चल रहा है, इसलिए काम नहीं हो सकता।

एजेंडे के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए प्रस्तावित बजट 804.69 लाख रुपये है। नगर परिषद द्वारा इस वर्ष अपने बजट में इस साल 4930.50 लाख रुपये की इनकम करना प्रस्तावित किया है। जबकि पिछले वर्ष यह 5642.50 लाख रुपये था। जिसके बाद सभी कार्यों को पूरा करने के आश्वासन के बाद मीटिंग को समाप्त किया गया।

### विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ

मीटिंग में वार्ड 13 के पार्षद दीपक मुंजाल ने जेसीआई चौक से लेकर ब्रह्मकुमारी आश्रम तक स्ट्रीट लाइट न होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस रोड पर विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ और और उनके वार्ड में कोई पार्क भी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले साल सभी वार्डों में लगाने के लिए परिषद में स्ट्रीट लाइट आई थी ऐसे में उनके वार्ड की स्ट्रीट लाइटें कहां पर लगाई गई हैं।

### ये पार्षद रहे उपस्थित

मंगलवार को हुई नप मीटिंग में नप चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी, वार्ड 12 से पूजा कामरा, वार्ड 21 से सुनीता टूटेजा, वार्ड 22 के पूनम ऐलावादी, वार्ड 10 से बेबी सिंगला, वार्ड 16 से अनिता सिंगला,वार्ड 17 से सुनीता, वार्ड 3 से सुनील सैनी मंत्री, वार्ड 14 से धर्मबीर मजौका, वार्ड 2 से हरिराम सैनी, वार्ड 13 से दीपक मुंजाल व वार्ड 9 से वाइस चेयरमैन अनिल बंसल सहित कार्यकारी अभियंता जयवीर डूडी सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### सभी एजेंडे पास

नगर परिषद मीटिंग समाप्त होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए चेयरमैन प्रवीन ऐलावादी ने कहा कि मीटिंग में सभी एजेंडे सर्वसम्मति से पास किए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्षदों की सहमति के बाद ही विकास कार्यों के ठेकेदारों को भुगतान किया जाएगा। निर्माण कार्यों में धांधली होने पर पेमेंट रोक दी जाएगी। हालांकि, बैठक के दौरान कई पार्षदों ने अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए और नाराजगी जताई। उन सभी पार्षदों से मीटिंग कर उनके वार्डों की समस्याओं का भी जल्द समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा साधारण मीटिंग में 11 पार्षदों की आवश्यकता होती है, एजेंट मीटिंग में 14 पार्षदों की जरूरत होती है। आज एक साधारण मीटिंग बुलाई गई थी ओर मीटिंग में पास किए गए एजेंडों पर 15 पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर उन्हें पास कर दिया है।




## दीक्षांत समारोह में सारंगपुर की श्वेता गोल्ड मेडल से सम्मानित

**मंडी आदमपुर।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सारंगपुर गांव निवासी श्वेता को सम्मानित किया गया। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सारंगपुर गांव निवासी श्वेता पुत्री कृष्ण कुमार मांझू को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। श्वेता ने वर्ष 2022 में एमबीए में प्रथम स्थान हासिल किया था। श्वेता की इस उपलब्धि पर उसके परिजनों ने हर्ष जताया और उसे बधाई दी। श्वेता की सफलता पर सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. मक्खन सिंह मांझू, कैप्टन स्नेहलता मांझू एवं अन्य परिजनों ने खुशी जताई और उसे बधाई दी।

## ओएसजीयू का महोत्सव में शानदार प्रदर्शन

### हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में हुआ था कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच), महेंद्रगढ़ में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'स्पंदन-2025' में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी कला की बेहतरीन छाप छोड़ते हुए मेंहदी में प्रथम, क्ले मॉडलिंग में प्रथम और ऑन दी स्पॉट पेंटिंग में द्वितीय और कोलॉज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस खुशी के अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सफलता केवल डिग्री प्राप्त करने से नहीं मापी जा सकती, यह तब प्राप्त होती है जब विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। खास बात यह भी है कि एक महीने की अवधि में विद्यार्थियों ने तीन प्रतिष्ठित आयोजनों और संस्थानों में खिताब जीते हैं। यह विश्वविद्यालय के लिए काफी गर्व की बात है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने विजेता विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने आपकी दिन रात की मेहनत के बदले आज ये मुकाम हासिल किया है। ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीना दीक्षित ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि देवेन्द्र ने मेंहदी में प्रथम, पुनीता ने क्ले मॉडलिंग में प्रथम और जिया गुप्ता ने ऑन दी स्पॉट पेंटिंग में द्वितीय स्थान व कोलॉज में विक्रम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




हिसार। मुख्य अतिथि से सम्मान प्राप्त करती ओएसजीयू की छात्रा।

### मनदीप मेहरिया बने युवा स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान

**हिसार।** युवा स्पोर्ट्स क्लब गांव खासा महाजन की नई कार्यकारिणी का गठन शहीद स्मारक में सर्वसम्मति से किया गया। इसमें प्रधान मनदीप मेहरिया को चुना गया व उपप्रधान रविंद्र कुलड़िया, सचिव अंकित शर्मा, खेल सचिव विष्णु सेवटा, कोषाध्यक्ष कृष्ण फगेड़िया, प्रैस सचिव सोनू बांगड़वा, सांस्कृतिक सचिव विनोद मेहरिया, सलाहकार साहिल फगेड़िया, पर्यावरण संरक्षक विकास कुमार फगेड़िया को बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान विकास मैनपाल राजपूत, सतबीर, बलवान, सुरेंद्र, दिनेश, श्याम लाल, लीलाधर, जोगेंद्र, नरेंद्र, प्रहलाद, नफे सिंह, सत्यम, दीपक, सुरेश, बजरंग, लखीराम मौजूद रहे।

### तिलक होली मनाने के लिए किया जागरूक

**हिसार।** अणुव्रत समिति द्वारा राष्ट्रव्यापी इको फ्रेंडली फेस्टिवल व जल बचाओ अभियान के अन्तर्गत तिलक होली कार्यक्रम मधुबन पार्क में चलाया गया। इसके तहत जल ही जीवन है अभियान द्वारा रंगों के साथ तिलक होली मनाने बारे जागरूक किया गया। समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को पम्पलेट वितरित कर तिलक होली के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम विनोद जैन के अणुव्रत गीत से शुरू हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, दर्शन लाल शर्मा, डॉ सत्येंद्र यादव, अनिल गुप्ता, इन्द्रेश पांडे, राजकुमार सोनी, विनोद जैन, श्रवण कुमार गिरधर, सुमन सोनी, बंटी मित्तल, कुलभूषण जैन, जगदीश गर्ग आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## विजडम स्कूल में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला

### नई नीति छात्रों के बौद्धिक और नैतिक विकास को देती है प्राथमिकता : लोहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विजडम स्कूल में नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों और प्रभावों पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना और शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण पद्धतियों में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विभिन्न विषयों के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का सुझाव दिया, जिनमें खेल-खेल में सीखना, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, शोध और नवाचार जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। शिक्षकों ने बताया कि इन गतिविधियों से छात्र केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि



व्यावहारिक और तार्किक सोच विकसित करने में भी सक्षम होंगे।

इस कार्यशाला के संचालक हरविंदर लोहान ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 छात्रों के बौद्धिक और नैतिक विकास को प्राथमिकता देती है। इस नीति के तहत पारंपरिक शिक्षण विधियों से आगे बढ़कर रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर प्रदान किया जाएगा।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षकों को अब पाठ याद करवाने के बजाय छात्रों को सोचने और समझने पर जोर देना चाहिए। इस पहल से बच्चों में तर्कशीलता, नैतिक मूल्यों, आर्थिक और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।



हिसार। रामप्यारी पूनिया मेमोरियल एजुकेशन अवॉर्ड समारोह में उपस्थित शिक्षकगण व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को रामप्यारी पूनिया मेमोरियल एजुकेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया

**हिसार।** विद्यार्थियों को श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रति प्रेरित करने व उनका हौसला बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को रामप्यारी पूनिया मेमोरियल एजुकेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मोहब्बतपुर में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रामप्यारी पूनिया की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान विद्यार्थियों को नकद राशि व स्मृति चिह्न प्रदान करके हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर जया नरेंद्र पूनिया व दक्ष पूनिया, स्कूल प्रिंसिपल राय सिंह, मिडिल हेड सुभाष सिंह व शिक्षिका मनीषा व समाजसेवी रमेश बेनीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय को रचनात्मक कार्यों के लिए भी नकद राशि प्रदान की गई।

### सीवर से निकाली गंदगी सड़क पर ही छोड़ दी, लोगों ने जताया रोष

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कस्बे की गलियों में सीवर से निकाली गई गंदगी को सडक पर ही छोड़ दिया जा रहा है। गंदगी से उठ रही दुर्गंध के कारण क्षेत्रवासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। लोगों ने रोष जताते हुए सडक पर फैली गंदगी को हटवाने की मांग की है। सीवर लाइन की सफाई का जिम्मा जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग का है और कस्बे की साफ-सफाई ग्राम पंचायत करवाती है। यही वजह है कि अनेक जगह चोक सीवर को खोलने के लिए विभाग ने सीवर में अटी गंदगी को निकालकर सड़क पर ही छोड़ दिया है। भूपेश सोनी, मोतीलाल गोयल, पवन कुमार, मुकेश गोयल, कृष्ण, रमेश, सोनू, सुशील, मोहित, सुनील आदि का कहना है कि जब उन्होंने गंदगी उठाने के लिए सफाई कर्मियों व डब्ल्यूपीओ से बात की तो उन्होंने अपनी जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ते हुए गंदगी का मलबा उठाने से मना कर दिया।



बस स्टैंड रोड पर सीवर से निकाली गई गंदगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

सम्मान

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग में कार्यक्रत जेई की बड़ी उपलब्धि

# साहिल वर्मा दूसरी बार जीजेयू के गोल्ड मेडलिस्ट बने, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

### कड़ी मेहनत और लगन से हासिल की सफलता, परिवार और गांव जाजनवाला में खुशी का माहौल

- साहिल अपने परिवार के साथ उकलाना मंडी में रहते हैं
- परिवार वालों को दिया सफलता का श्रेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कड़ी मेहनत और लगन से हासिल की गई सफलता न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनती है। ऐसा ही उदाहरण पेश किया है गांव जाजनवाला निवासी साहिल वर्मा ने, जिन्होंने दूसरी बार गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) में टॉप कर गोल्ड मेडल जीता। इस उपलब्धि के लिए देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया, जिससे उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। साहिल वर्मा अपने परिवार के साथ उकलाना मंडी में रहते हैं और फिलहाल पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग में बरवाला कार्यालय में जूनियर इंजीनियर (जेई) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा तक वे एक सामान्य विद्यार्थी थे, लेकिन पॉलिटेक्निक कॉलेज में दाखिला लेने के बाद उनके दादा कैप्टन चंद्रभान, पिता रणवीर सिंह, दादी बिदामो देवी और माता शारदा देवी की प्रेरणा से उन्होंने पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित किया। कड़ी मेहनत से उनकी दिनचर्या बदल गई और वे लगातार सफलता की ओर बढ़ते गए।



हिसार। गोल्ड मेडलिस्ट साहिल वर्मा अपने परिवार के साथ।

### बीटेक और एमटेक में लगातार टॉप

साहिल वर्मा ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) से बीटेक किया और टॉप करने पर उन्हें पहली बार गोल्ड मेडल मिला। इसके बाद 2019 में उन्होंने प्रथम प्रयास में ही सिविल इंजीनियरिंग (परिवहन) में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एमटेक) फर्स्ट डिवीजन में उत्तीर्ण की, जिसके लिए उन्हें दूसरी बार गोल्ड मेडल मिला। उनकी इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वयं उन्हें सम्मानित किया, जो उनके जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण रहा।

### बिना खर्ची-पर्ची मिली सरकारी नौकरी

अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद साहिल वर्मा ने चार साल तक मेवात और एक साल आदमपुर में पॉलिटेक्निक कॉलेज में सेवाएं दीं। उनकी मेहनत रंग लाई और अक्टूबर 2024 में बिना किसी सिफारिश या खर्चे के उन्हें पीडब्ल्यूडी विभाग में जूनियर इंजीनियर (जेई) के पद पर सरकारी नौकरी मिली।

### राष्ट्रपति से मिलने की अधूरी ख्वाहिश हुई पूरी

साहिल वर्मा ने बताया कि 2024 में जब वे आदमपुर से एनएसएस अधिकारी डॉक्टर राकेश शर्मा के साथ एनएसएस के बच्चों को राष्ट्रपति भवन दिल्ली लेकर गए थे, तब सुरक्षा कारणों से उन्हें महामहिम से मिलने की अनुमति नहीं मिली थी। उस समय उनके मन में एक कसक थी, लेकिन अब जब राष्ट्रपति मुर्मू ने खुद उन्हें गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया, तो उनका सपना पूरा हो गया।